# 'जल जीवन मिशन' (फेज–2) कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदया/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति, रायबरेली की अध्यक्षता में दिनांक– 18.07.2022 को आयोजित समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदया/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति, रायबरेली की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम (फेज–2) के अन्तर्गत जनपद रायबरेली में पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 विरचन एवं क्रियान्वयन हेतु नामित मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, हैदराबाद के कार्यों की समीक्षा की गयी। जिसमें निम्न अधिकारियों/सभी फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1– | श्रीमती माला श्रीवास्तव | – | जिलाधिकारी, रायबरेली। |
| 2– | श्री प्रभाष कुमार | – | मुख्य विकास अधिकारी, रायबरेली। |
| 3– | श्री मोहित विक्रम सिंह | – | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), रायबरेली। |
| 4– | श्री शैलेन्द्र कुमार | – | सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), रायबरेली। |
| 5– | श्री अनिल मण्डाला | – | परियोजना प्रबन्धक, मे0 एन0सी0सी0 लि0, रायबरेली। |
| 6– | श्री अभिषेक सिंह (प्रतिनिधि) | – | डिजाइन कोर्डिनेटर (डी0पी0एम0यू0) |
| 7– | श्री नितीश कुमार | – | डी0टी0एल0 (टी0पी0आई0) |
| 8– | प्रतिनिधि, समस्त चयनित आई0एस0ए0, जनपद– रायबरेली। | | |

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म को आवंटित 676 नग राजस्व ग्रामों में से 674 नग राजस्व ग्राम पेयजल योजना के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध करा दी गयी है। 676 नग राजस्व ग्राम हेतु 455 नग ग्राम पंचायतों की डी0पी0आर0 विरचित कर डी0डब्लू0एस0एम0 को प्रेषित की जानी थी।

'जल जीवन मिशन' कार्यक्रम के अनुसार 'हर घर जल' उपलब्ध कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) एवं मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचनायें निम्नवत है–

**बैठक में निम्न बिन्दुओं पर वार्ता की गयी–**

**1. भूमि उपलब्धता :–**

फर्म मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा बताया गया कि 676 राजस्व ग्रामों में से 674 राजस्व ग्रामों में पेयजल योजना के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध करा दिया गया है। शेष 02 नग राजस्व ग्राम हेतु प्रस्ताव प्राप्त होना शेष है।

परियोजना प्रबन्धक, मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि पूर्व में आवंटित की गई भूमि का Existing ground level समीप की सड़क के लेवल से काफी नीचे है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) के निर्देशानुसार डी0पी0आर0 में मिट्टी भराई के कार्य का प्राविधान नहीं किया गया है तथा उक्त कार्य **मनरेगा** के माध्यम से कराया जाना है।

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्रांक– 1307/JJM/EVENT/2020-21 दिनांक– 27.08.2021 द्वारा डी0पी0आर0 विरचन हेतु मिट्टी भराव का कार्य डी0पी0आर0 में शामिल न कर, मिट्टी भराव का कार्य मनरेगा परियोजना अन्तर्गत कराने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

इस संदर्भ में दिनांक– 30.08.2022 को मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0 शासन की आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग मे प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ द्वारा भी मिट्टी भराई का कार्य मनरेगा योजनान्तर्गत कराने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि जारी दिशा–निर्देशों के अन्तर्गत अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) एवं मे0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) / मे0 एन0सी0सी0 लि0 / डी0सी0, मनरेगा, रायबरेली)**

**2. डी0पी0आर0 विरचन की स्थिति :–**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मे0 एन0सी0सी0 लि0 को 401 नग ग्राम पंचायत हेतु नई पेयजल योजनाओं हेतु डी0पी0आर0 (फेज–2) तैयार की जानी है तथा 54 नग पुनर्गठन Reorganization योजनाओं की भी डी0पी0आर0 तैयार की जानी है। कुल संख्या 401 + 54 = 455 नग ग्राम पंचायत है।

वर्तमान तक जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को 455 नग ग्राम पंचायत डी0पी0आर0 के सापेक्ष 290 नग ग्राम पंचायतों के डी0पी0आर0 उपलब्ध कराये गये हैं। जिसमें 219 नग ग्राम पंचायतों के डी0पी0आर0 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है जिसके सापेक्ष 187 ग्राम पंचायतों के डी0पी0आर0 की वित्तीय एवं तकनीकी एस0एल0एस0एस0सी0 से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। शेष डी0पी0आर0 (112 नग ग्राम पंचायत नवीन पेयजल और 54 नग ग्राम पंचायत पुनर्गठन पाइप पेयजल योजना) कुल 166 नग ग्राम पंचायतों के डी0पी0आर0 शेष हैं परन्तु पुनर्गठन पाइप पेयजल योजना का कोई भी डी0पी0आर0 अभी तक नहीं बनाया गया है जबकि डी0पी0आर0 प्रेषण हेतु समयावधि माह 30 जून, 2022 में पूर्ण हो चुकी है।

इस संबंध में कार्यदायी संस्था मे0 एन0सी0सी0 लि0 के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि अवशेष डी0पी0आर0 एस0डब्लू0एस0एम0 द्वारा निर्धारित प्रति व्यक्ति लागत रू0– 6000 के मानक को पूरा नहीं करने के कारण तकनीकी अर्हता को पूर्ण नहीं कर रहे हैं। परियोजना प्रबन्धक, मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि दिनांक– 25.05.2022 को सम्पन्न जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में स्वीकृत 31 नग डी0पी0आर0 जिसमें 32 नग ग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं, प्रति एफ0एच0टी0सी0 लागत तथा डिजाइन पॉपुलेशन की गाइडलाइन में परिवर्तन होने के कारण राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा संशोधन हेतु वापस कर दी गयी है।

जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि डी0पी0आर0 शासकीय गाइडलाइन के अनुसार एक सप्ताह में तैयार कर जल निगम, (ग्रामीण) को उपलब्ध करायें। साथ ही शासकीय गाइडलाइन भी प्रस्तुत करें।

**( कार्यवाही मे0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद / अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) )**

## 3. कार्य की प्रगति समीक्षा :–



अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि 187 नग डी0पी0आर0 एस0एल0एस0एस0सी0 से स्वीकृत हैं, जिसमें **110 नग** योजनाओं को 04 नग कवर एग्रिमेण्ट गठित किया गया है। जिसकी कार्य प्रारम्भ तिथि 06.09.2021 एवं कार्य समाप्ति तिथि 05.03.2023 है, के सापेक्ष मात्र 94 नग पेयजल परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है। 16 नग पेयजल परियोजनायें अनारम्भ हैं। स्वीकृत 110 नग पेयजल योजनाओं की भौतिक प्रगति निम्नवत है–

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | प्रस्तावित कार्य | भौतिक प्रगति | भौतिक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1– | नलकूप | 110 नग | नलकूप बोरिंग पूर्ण – 94<br>कम्प्रेशर – 59<br>ओ0पी0 यूनिट – 51 | नलकूप बोरिंग पूर्ण – 85.45 %<br>कम्प्रेशर – 53.64 %<br>ओ0पी0 यूनिट – 46.36 % |
| 2– | पम्प हाउस | 110 नग | 21 नग पम्प हाउस कार्य प्रगति पर | 19.09 % |
| 3– | शिरोपरि जलाशय | 110 नग | 09 नग शिरोपरि जलाशय कार्य प्रगति पर | 8.18 % |
| 4– | बाउण्ड्रीवॉल | 110 नग | 33 नग बाउण्ड्रीवॉल कार्य प्रगति पर | 30.00 % |
| 5– | वितरण प्रणाली | 1199.95 कि.मी. | 309.68 कि.मी. कार्य प्रगति पर | 25.81 % |
| 6– | हाउस कनेक्शन (FHTC) | 57148 नग | 3567 नग कार्य प्रगति पर | 6.24 % |

**75 नग** (ग्राम पंचायत) पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 01 नग कवर एग्रिमेण्ट गठित किया गया था। 75 नग (ग्राम पंचायत) पेयजल परियोजनायें जिनकी कार्य प्रारम्भ तिथि 17.01.2022 एवं कार्य समाप्ति तिथि 16.07.2023 है, के सापेक्ष वर्तमान तक मात्र 43 नग (ग्राम पंचायत) पेयजल परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। शेष 32 नग पेयजल परियोजनायें अनारम्भ हैं। स्वीकृत 75 नग (ग्राम पंचायत) पेयजल योजनाओं की भौतिक प्रगति निम्नवत है–

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | प्रस्तावित कार्य | भौतिक प्रगति | भौतिक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1– | नलकूप | 75 नग | नलकूप बोरिंग पूर्ण – 43<br>कम्प्रेशर – 25<br>ओ0पी0 यूनिट – 12 | नलकूप बोरिंग पूर्ण – 57.33 %<br>कम्प्रेशर – 33.33 %<br>ओ0पी0 यूनिट – 16.00 % |
| 2– | पम्प हाउस | 75 नग | 00 | 00.00 % |
| 3– | शिरोपरि जलाशय | 75 नग | 00 | 00.00 % |
| 4– | बाउण्ड्रीवॉल | 75 नग | 00 | 00.00 % |
| 5– | वितरण प्रणाली | 1192.41 कि.मी. | 69.14 कार्य प्रगति पर | 5.8 % |
| 6– | हाउस कनेक्शन (FHTC) | 57452 नग | 510 नग कार्य प्रगति पर | 0.89 % |

उपरोक्त प्रगति के दृष्टिगत जिलाधिकारी महोदया द्वारा वर्तमान प्रगति पर रोष व्यक्त किया गया एवं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) एवं मे0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद के परियोजना प्रबन्धक को प्रत्येक योजना हेतु विस्तृत कार्ययोजना एवं Gantt Chart समयबद्ध एवं चरणबद्ध रूप से प्रस्तुत करने, कार्य की प्रगति बढ़ाने हेतु यथावश्यक, मैनपावर व मशीनरी की आवश्यकता एवं उपलब्धता का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करने एवं अनारम्भ योजनाओं पर कार्य त्वरित प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये।

**( कार्यवाही मे0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद / अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) )**

EE

4. डी0पी0एम0यू0 :–

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला कार्यक्रम निगरानी इकाई (डी0पी0एम0यू0) के रूप में कार्यरत फर्म मे0 आरवी एसोसिएट्स, हैदराबाद द्वारा 09 स्टाफ की टीम नियुक्त की गयी है, जिसका नेतृत्व जिला समन्वयक श्री एस0के0 दुबे द्वारा किया जाता है। दिनांक– 18.07.2022 में श्री एस0के0 दुबे अनुपस्थित थे जिनके प्रतिस्थानी के रूप में श्री अभिषेक सेंगर (डिजाइन कोर्डिनेटर) द्वारा जिलाधिकारी महोदया द्वारा पूछे गये प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर न दे पाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी एवं डी0पी0एम0यू0 हेतु कार्यों के उत्तरदायित्व निर्धारित करने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया।

**( कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) )**

5. आई0एस0ए0 :–

जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद रायबरेली में कार्यरत 05 इम्पलीमेण्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) में 03 एजेन्सीज A कैटेगरी एवं 02 एजेन्सीज B कैटेगरी में हैं। पूर्व में सभी चयनित आई0एस0ए0 को 01–01 क्लस्टर (40 नग ग्राम पंचायत) आवंटित किया गया था। कार्य प्रगति संतोषजनक के दृष्टिगत 05 नग एजेन्सीज में 03 नग एजेन्सी क्रमशः 1– सेण्टर ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड इण्टरप्रेन्योरशिप डेवलपमेण्ट 2– श्री नागेश्वर जनकल्याण समिति एवं 3– जे0पी0एस0 फाउण्डेशन के पुनः 12.07.2022 को 1–1 क्लस्टर (40 नग ग्राम पंचायत) पुनः आवंटित किया गया है।

सभी आई0एस0ए0 को आवंटित क्लस्टर में जन जागरूकता हेतु पूर्व निर्धारित कार्यक्रम करने एवं जल जीवन मिशन की महत्त, पेयजल परियोजना के संचालन अनुरक्षण हेतु जन–चेतना एवं स्वच्छ जल से लाभ को जनमानस तक पहुंचाने के विशेष प्रयास किये जायें एवं कार्यदायी संस्था के साथ समन्वय कर हर घर जल हेतु एफ0एच0टी0सी0 प्रदान करने में पूर्ण मनोयोग से कार्य करने तथा कृत कार्यवाही से जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को समय– समय पर अवगत कराने के निर्देश जिलाधिकारी महोदया द्वारा दिये गये।

समीक्षाउपरान्त समस्त 05 नग आई0एस0ए0 के कार्यों की प्रगति निम्न पायी गयी–

6. टी0पी0आई0ए0 :–

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 'जल जीवन मिशन' के अन्तर्गत जनपद स्तर पर थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन एजेन्सी के रूप में चयनित मे0 सिन्सेस टेक लि0, नागपूर द्वारा 09 स्टॉफ की टीम कार्यों के पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त है। कार्यों के संपादन हेतु प्रयुक्त निर्माण सामग्री, पाइप आदि हेतु टेस्टिंग, भौतिक सत्यापन के कार्य जल निगम (ग्रामीण) के साथ समन्वय स्थापित कर किये जाते हैं। कार्यों के भुगतान के पूर्व ही कार्य की गुणवत्ता की जांच टी0पी0आई0 एवं जल निगम (ग्रामीण) द्वारा संयुक्त रूप से कर फर्म द्वारा बीजक प्रस्तुत करने से 72 घण्टे के अन्दर जांच कर निस्तारित किये जाते हैं। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में टी0पी0आई0 स्तर पर कोई भी बीजक लम्बित नहीं है तथा पूर्व में प्रेषित समस्त बीजकों पर टी0पी0आई0 द्वारा आख्या प्रस्तुत करा दी गयी है।

जिलाधिकारी महोदया द्वारा कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी करने, यथा आवश्यक सामग्री की जांच किसी प्रतिष्ठित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज से ही कराने के निर्देश दिये गये।

**( कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/टी0पी0आई0ए0 )**

7. पी0डब्लू0डी0 :–

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि पेयजल परियोजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान पाइपलाइन में रोड के समान्तर एवं क्रॉसिंग के कार्य बिना पूर्व अनुमति के किये जा रहे हैं, फर्म द्वारा स्वीकृति हेतु आवश्यक बैंक गारण्टी/सिक्योरिटी धनराशि जमा किये जाने में असमर्थता व्यक्त की जा रही है जिस हेतु अनुमति की कार्यवाही फर्म द्वारा नहीं की जा रही है। फर्म को बिना पूर्व अनुमति कार्य न करने हेतु पत्र एवं अनुस्मारक प्रेषित किये जा चुके हैं।

जिलाधिकारी महोदया द्वारा कार्यों के निष्पादन हेतु योजनावार रोड कटिंग का प्लान तैयार कर अविलम्ब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

**( कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग/मे0एन0सी0सी0 लि0, रायबरेली / जल निगम (ग्रामीण) )**

8. एफ0टी0के0 :–

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल गुणवत्ता की जांच हेतु प्रति ग्राम पंचायत चयनित 05 नग महिलाओं द्वारा एफ0टी0के0 टेस्टिंग कार्य किया जा रहा है। टेस्टिंग हेतु चयनित महिलाओं के प्रशिक्षण हेतु 01 नग संस्था आरना फाउण्डेशन को जनपद स्तर पर नामित किया गया है। वर्तमान में लक्षित एफ0टी0के0 टेस्टिंग 110784 नग के सापेक्ष वर्तमान तक 55620 नग टेस्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

जिलाधिकारी महोदया द्वारा एफ0टी0के0 टेस्टिंग को ससमय पूर्ण करने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) एवं डी0पी0एम0यू0 को आरना फाउण्डेशन के साथ समन्वय कर निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्देशित किया गया।

**( कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/मे0 आरना फाउण्डेशन/डी0पी0एम0यू0 )**

**9. पूर्व निर्मित बहुल ग्राम पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण से संबंधित :–**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद रायबरेली में पूर्व निर्मित 54 नग पेयजल योजनायें जो कि आंशिक क्षमता पर संचालित हैं, पुनर्गठन किया जाना प्रस्तावित है। दिनांक– 12.07.2022 के पूर्व तक अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड– प्रथम, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) के कर्मचारियों द्वारा संचालित की जा रही थी। दिनांक– 12.07.2022 के उपरान्त खण्ड स्तर से समस्त कर्मचारियों को योजनाओं से हटा लिये जाने के कारण पेयजल आपूर्ति में बाधायें उत्पन्न हो रही हैं। अधिशासी अभियन्ता द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि 54 नग योजनाओं में सम्मिलित 71 नग राजस्व ग्राम की डी0पी0आर0 मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा विरचित की जानी है।

जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि मे0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद तत्काल कार्यवाही करते हुए 01 सप्ताह के भीतर शेष डी0पी0आर0 प्रस्तुत करें।

अन्त में अध्यक्ष / जिलाधिकारी महोदया द्वारा सधन्यवाद बैठक का समापन किया गया।

**( कार्यवाही मे0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद / अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) )**

02/09/2022

**अधिशासी अभियन्ता / सदस्य सचिव,**
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
रायबरेली।

**मुख्य विकास अधिकारी,**
रायबरेली।

**जिलाधिकारी / अध्यक्ष,**
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
रायबरेली।

# कार्यालय जिलाधिकारी, रायबरेली।

पत्रांक : 1006 / M-15 / 08 दिनांक : 05/09/2022

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, प्रथम् तल, मल्टीपर्पज हाल, किसान बाजार, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
3. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
6. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, रायबरेली।
7. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
8. जिला विकास अधिकारी, रायबरेली।
9. मे0 सिन्सेस टेक लि0, रायबरेली (टी0पी0आई0ए0) / मे0 आरवी एसोसिएट्स लि0, रायबरेली (डी0पी0एम0यू0) / समस्त आई0एस0ए0, जनपद– रायबरेली।
10. परियोजना प्रबन्धक, मे0 एन0सी0सी0 लि0, भरतपुरम्, रूद्रा काम्पलेक्स के पीछे, अमावां रोड, रतापुर, रायबरेली।

**जिलाधिकारी / अध्यक्ष,**
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
रायबरेली।